दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 5:23 बजे
सूर्यास्त शाम 7:18 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-261 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • बुधवार 27 मई 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

# पंजाब निकाय चुनाव में 61% से ज्यादा मतदान, नतीजे 29 को

## आठ नगर निगम, 75 नगर परिषद और 20 नगर पंचायतों के लिए वोटिंग संपन्न, 7,555 उम्मीदवारों का भविष्य मतपेटियों में बंद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



जाब में मंगलवार को हुए निकाय चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंजाब राज्य चुनाव आयोग की रिपोर्टों के अनुसार, राज्यभर में लगभग 61 प्रतिशत से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। कई जिलों में शाम तक मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं।

राज्य में 8 नगर निगम, 75 नगर परिषद और 20 नगर पंचायतों के लिए मतदान हुआ। चुनाव मैदान में कुल 7,555 उम्मीदवार उतरे थे। मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए करीब 32 हजार पुलिसकर्मी और 35 हजार चुनाव कर्मी तैनात किए थे।

लुधियाना, पटियाला, मोहाली, बरनाला और मोगा सहित कई शहरों में मतदान को लेकर अच्छा उत्साह दिखाई दिया। राजनीतिक दल इन चुनावों को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जनता के मूड का संकेत मान रहे हैं। निकाय चुनावों की मतगणना 29 मई 2026 को होगी। पंजाब राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनाव कार्यक्रम और विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वोटों की गिनती सुबह शुरू होगी और उसी दिन अधिकांश परिणाम आने की संभावना है।

पंजाब में शहरी निकाय चुनाव के मतदान के दौरान मंगलवार को कई जिलों में छिटपुट हिंसा और तनाव की घटनाएं सामने आईं। खन्ना, बरनाला और मोगा सहित कई इलाकों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की की खबरें हैं। मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा बलों को कई जगह स्थिति संभालनी पड़ी। कुछ स्थानों पर कैंडिडेट समर्थकों के बीच हाथापाई और हमले की भी शिकायतें सामने आई हैं। एक जगह प्रत्याशी के समर्थकों पर हमला कर उन्हें घायल करने के आरोप लगे हैं, हालांकि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस उम्मीदवार पर हमला

लुधियाना के रायकोट में मतदान के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के विधायक हाकम ठेकेदार के समर्थकों ने वार्ड नंबर-4 से पार्टी उम्मीदवार जगदेव सिंह जग्गा पर जानलेवा हमला किया। हमले में गंभीर रूप से घायल जग्गा को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें लुधियाना के डीएमसी अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उनके दोनों पैर टूट गए हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि चुनाव में हार की आशंका के चलते विरोधियों को डराने और दबाव बनाने के लिए यह हमला करवाया गया।

### खन्ना में वोटिंग के दौरान तनाव

खन्ना के एक बूथ पर मतदान शुरू होते ही कांग्रेस और आप समर्थकों के बीच बहस हो गई, जो देखते ही देखते हंगामे में बदल गई। आरोप है कि बूथ के बाहर अधिक भीड़ जमा करने को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान कुछ स्थानों पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की के आरोप भी लगे। वहीं, एक अन्य बूथ पर वोटर लिस्ट में नाम न होने पर लोगों ने धरना देकर विरोध जताया। कई परिवारों का नाम सूची से गायब होने पर नाराजगी देखने को मिली। पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### बरनाला: फर्जी वोटिंग के आरोप

बरनाला में आम आदमी पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच तीखी बहस हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फर्जी मतदान और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए। कुछ बूथों पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा ताकि मतदान प्रक्रिया बाधित न हो।

### मोगा में भी हुई झड़प

मोगा के वार्ड-41 में कांग्रेस और आप समर्थकों के बीच बूथ के बाहर खड़े रहने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और हल्की झड़प की भी सूचना है। पुलिस ने भीड़ को हटाकर मतदान सुचारू कराया।

### मौसम ने भी बढ़ाई मुश्किल

चुनाव के दौरान पंजाब के कई इलाकों में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण मतदाताओं और पोलिंग स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई बूथों पर छांव और पानी की कमी भी महसूस की गई। प्रशासन का कहना है कि मतदान ज्यादातर स्थानों पर शांतिपूर्ण चल रहा है, लेकिन संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। चुनाव आयोग ने सभी शिकायतों की जांच के आदेश दिए हैं।

### भाजपा उम्मीदवार गिरफ्तार

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में नगर पंचायत चुनाव से ठीक पहले एक भाजपा उम्मीदवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसकी कार से शराब की दो पेटियां बरामद हुईं, जिन्हें कथित तौर पर मतदाताओं में बांटने के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आचार संहिता के उल्लंघन और अवैध शराब रखने के मामले में कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन को रोका और तलाशी में शराब की पेटियां मिलीं। शुरुआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि शराब का उपयोग वोटरों को प्रभावित करने के लिए किया जाना था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और चुनाव आयोग को भी इसकी रिपोर्ट भेजी जा रही है। फिलहाल सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पटियाला में पथराव, लाठीचार्ज

पटियाला में मतदान के दौरान मंगलवार को एक बूथ के पास दो पक्षों में तनाव बढ़ गया। विवाद के बाद कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया और भीड़ को तितर-बितर किया। घटना के बाद मतदान केंद्र पर कुछ देर के लिए अव्यवस्था रही, हालांकि बाद में मतदान प्रक्रिया दोबारा सामान्य कर दी गई। पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। देर शाम तक मतदान केंद्रों के बाहर भीड़ लगी थी।

**नगर निकाय चुनाव पंजाब 2026**

### जिलावार मतदान प्रतिशत के आंकड़े जारी, होशियारपुर सबसे आगे

| | |
|---|---|
| बठिंडा | 65 प्रतिशत |
| श्री मुक्तसर साहिब | 65 प्रतिशत |
| एसएएस नगर | 65 प्रतिशत |
| नवांशहर | 60.22 प्रतिशत |
| पटियाला | 64 प्रतिशत |
| लुधियाना | 60.3 प्रतिशत |
| होशियारपुर | 66.21 प्रतिशत |
| फ़िरोज़पुर | 58.8 प्रतिशत |
| बरनाला | 63.50 प्रतिशत |

### सीएम के पूर्व ओएसडी हिरासत में

धूरी नगर परिषद चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान के पूर्व ओएसडी प्रोफेसर ओंकार सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रोफेसर ओंकार सिंह ने कुछ महीने पहले आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। पुलिस ने केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू को धूरी जाने से रोक दिया। इस दौरान बिट्टू की संगरूर के एसएसपी से जमकर बहस भी हुई। वोटिंग के दौरान अबोहर में एनएसयूआई की नेमप्लेट वाली एचआर नंबर गाड़ी में घूमते 4 युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

## बरनाला में भाजपा उम्मीदवार के पति पर हमला, सिर में गंभीर चोटें, पगड़ी उतारी



**बरनाला** | पंजाब के बरनाला में नगर पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार के पति पर जानलेवा हमला होने की घटना सामने आई है। आरोप है कि मतदान केंद्र के पास फर्जी वोट डालने के विवाद के बाद कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उनकी पगड़ी उतार दी गई और हथियार से वार किए गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फर्जी मतदान के आरोपों के बाद दोनों पक्षों में बहस बढ़ी और मामला हिंसक झड़प में बदल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## बैलगाड़ी पर वोट डालने पहुंचे अमरिंदर वड़िंग



**मुक्तसर** | पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग मंगलवार को पत्नी अमृता वड़िंग के साथ बैलगाड़ी पर सवार होकर मुक्तसर के वार्ड नंबर पांच में वोट डालने पहुंचे। महंगाई के खिलाफ सांकेतिक विरोध जताते हुए उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी के लिए गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। राजा वड़िंग ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से ऐसे हालात बन गए हैं कि लोगों को अपने वाहन घरों में खड़े करने पड़ रहे हैं।

## रॉयल एस्टेट पर ईडी की रेड

# कंपनी के प्रोजेक्ट से जुड़ा रिकॉर्ड कब्जे में लिया

### जीरकपुर, बनूड़ और न्यू चंडीगढ़ में हैं प्रोजेक्ट, सेक्टर-20 चंडीगढ़ स्थित कोठी पर भी छापा

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज़



मोहाली के एक और बिल्डर पर ईडी ने अपना शिकंजा कसा है। मंगलवार की सुबह ईडी की टीमों ने रॉयल एस्टेट ग्रुप के ठिकानों पर छापा मारा। उस ग्रुप के जीरकपुर, न्यू चंडीगढ़ में हाउसिंग और कमर्शियल प्रोजेक्ट हैं। इसके अतिरिक्त बनूड़ राजपुरा रोड पर इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट भी हैं।

ईडी ने कंपनी के जीरकपुर स्थित ऑफिस और सेक्टर 20 चंडीगढ़ स्थित कोठी में छापा मारा। ईडी ने कंपनी का विभिन्न प्रोजेक्ट से जुड़ा रिकॉर्ड कब्जे में लिया। समर एक्सप्रेस ने कल ही जानकारी दी थी कि मोहाली के दस बड़े बिल्डर ईडी के निशाने पर हैं। इन बिल्डरों के सीएलयू और प्रोजेक्ट से जुड़े कागजातों की ईडी जांच कर रही है। रॉयल एस्टेट मोहाली के सेक्टर 122 में बड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट ले कर आ रहा है। यह प्रोजेक्ट 70 एकड़ से अधिक का है। मंगलवार को चुनावी माहौल के बीच यह छापेमारी हुई।

ईडी की टीम सुबह करीब साढ़े सात बजे से रॉयल एस्टेट कार्यालय में पहुंची। वहां रखे दस्तावेजों, रिकॉर्ड और अन्य जरूरी कागजातों की जांच-पड़ताल की गई। सूत्रों के अनुसार टीम ने विभिन्न दस्तावेजों को खंगाला और मामले से जुड़े पहलुओं की बारीकी से जांच की। यह कार्रवाई रॉयल एस्टेट के मालिक प्रवीण रोकी कांसल और नीरज कांसल से जुड़े मामलों को लेकर बताई जा रही है। हालांकि आधिकारिक स्तर पर अभी तक ईडी की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों का यह भी दावा है कि चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित प्रवीण कांसल के आवास पर भी ईडी की टीम ने कार्रवाई की है।

### सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा विवाद

रॉयल एस्टेट के प्रमोटर्स का जमीनी विवाद सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। रॉयल एस्टेट के प्रमोटर्स परवीन कंसल, नीरज कंसल, इंदु कंसल और नायब तहसीलदार तरसेम मित्तल को हाईकोर्ट ने कस्टडी में लेकर पूछताछ के आदेश दिए थे। इस आदेश के खिलाफ कंपनी के प्रमोटर्स ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट से राहत न मिलने के बाद रॉयल एस्टेट के प्रमोटर्स गायब है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। ईडी की कार्रवाई को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है।

### जालसाजी का केस दर्ज हुआ था

कंपनी के प्रमोटर्स के खिलाफ मोहाली में 11 जून को फर्जी दस्तावेज तैयार करने और जालसाजी का केस दर्ज हुआ था। यह केस आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ताओं नरेश कुमार गर्ग और प्यारे लाल गर्ग ने आरोप लगाया कि वर्ष 2011 में संपत्ति उनके नाम पर खरीदी गई थी। वर्ष 2013 में बिना उनकी जानकारी और सहमति के उसी संपत्ति को मोतियाज रॉयल सिटी कंपनी के नाम ट्रांसफर कर दिया गया। यह ट्रांसफर तथाकथित सप्लीमेंट्री सेल डीड के माध्यम से की गई। नरेश गर्ग ने शिकायत में कहा था कि यह ट्रांसफर फर्जी बोर्ड प्रस्ताव के आधार पर किया गया।

## अभिनेता योगराज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब से जुड़े एक्टर और पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह को अदालत से बड़ा झटका लगा है। महिलाओं पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दायर उनकी अग्रिम जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद अब योगराज सिंह ने मामले में राहत के लिए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है।

मामला सोशल मीडिया और सार्वजनिक बयानों में कथित तौर पर महिलाओं पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है, जिसके बाद उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में प्रारंभिक जांच के बाद कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई थी और इसी दौरान अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई गई थी। कोर्ट के फैसले के बाद अब पूरा मामला उच्च न्यायालय में जाने की संभावना है, जहां योगराज सिंह की ओर से राहत की मांग की जाएगी। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कोर्ट के आगामी फैसलों पर निर्भर करेगी।

चंडीगढ़ के दो एडवोकेट उज्ज्वल भसीन और जतिन वर्मा ने इस मामले में एसएसपी को शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि सोशल मीडिया पर 17 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप वायरल हुई, जिसमें महिलाओं के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। यह वीडियो अमेजन प्राइम वीडियो पर 8 मई, 2026 को रिलीज हुई हिंदी वेब सीरीज लुक्खे के एक एपिसोड का हिस्सा बताया गया है।

## सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज निवेशकों में हलचल

एजेंसी | नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में आज भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चांदी की कीमतों में जोरदार गिरावट दर्ज की गई और यह 4,750 रुपये टूटकर लगभग 2.66 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। विशेषज्ञों के अनुसार, हालिया ऊंचाई से चांदी अब करीब 1.20 लाख रुपये नीचे आ चुकी है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई है।

वहीं सोने के दामों में भी नरमी देखी गई और यह आज 1,135 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर की मजबूती और मांग में कमी को कीमतों में गिरावट का प्रमुख कारण माना जा रहा है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मुनाफावसूली और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में बदलाव के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper


समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

**पेज 1 एंकर स्टोरी** — विदेशी गैंग से जुड़े तार खंगालने में जुटीं एजेंसियां

# कनाडा में पकड़े गए 17 पंजाबी युवा, डिपोर्ट करने की तैयारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



कनाडा में पंजाब मूल के 17 युवाओं की गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। कनाडा की पील रीजनल पुलिस द्वारा पकड़े गए इन युवाओं पर दक्षिण एशियाई कारोबारियों से रंगदारी, धमकी, फायरिंग और आगजनी जैसी वारदातों में शामिल होने के आरोप हैं। मामले के सामने आने के बाद पंजाब में भी उनके पुराने संपर्क, विदेश नेटवर्क और गैंगस्टर कनेक्शन खंगाले जा रहे हैं। इन्हें जल्द भारत डिपोर्ट करने की भी तैयारी है।

कनाडाई एजेंसियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी फॉर ब्रदर्स नाम के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क से जुड़े बताए जा रहे हैं। यह गिरोह ब्रैम्पटन, मिसिसॉगा, कैलेडॉन और ब्रिटिश कोलंबिया में सक्रिय था तथा इसके तार अमेरिका के कैलिफोर्निया तक फैले मिले हैं। जांच एजेंसियों का दावा है कि गैंग रेस्तरां मालिकों, ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और पंजाबी समुदाय के व्यापारियों से वसूली करता था। विरोध करने पर गोलीबारी और आगजनी जैसी घटनाएं अंजाम दी जाती थीं।

सूत्रों के मुताबिक, कनाडा बॉर्डर सर्विस एजेंसी ने कुछ आरोपियों के खिलाफ इमिग्रेशन कार्रवाई भी शुरू कर दी है। छह आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद डिपोर्ट किया जा सकता है। एजेंसी ने हाल के महीनों में कई संदिग्धों के खिलाफ रिमूवल ऑर्डर जारी किए हैं।

### 324 राउंड फायरिंग, 106 केस दर्ज

कनाडा पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार 17 आरोपियों का संबंध 24 घटनाओं से मिला है। इनमें 16 हिंसक वारदातें शामिल हैं, जिनमें 324 राउंड फायरिंग और कई आगजनी की घटनाएं दर्ज हुईं। पंजाब पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इन युवाओं के संबंध पंजाब में सक्रिय गैंगस्टरों या विदेश बैठे अपराधियों से थे। हाल के वर्षों में लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ जैसे गैंगस्टरों के नेटवर्क को लेकर लगातार इनपुट मिलते रहे हैं।

जांच एजेंसियां सोशल मीडिया, हवाला ट्रांजैक्शन और पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशों में पढ़ाई या नौकरी के लिए गए कुछ युवाओं का संगठित अपराध की ओर झुकाव पंजाब के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।

हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी शुरुआती चरण में है और सभी आरोप अदालत में साबित होना बाकी हैं। फिलहाल पंजाब और कनाडा की एजेंसियां आपसी सूचनाएं साझा कर नेटवर्क की पूरी परतें खोलने में जुटी हैं।

# राम रहीम 16वीं बार जेल से बाहर, 5 महीने में दूसरी पैरोल

### 30 दिन सिरसा डेरे में रहेगा; काफिले में दिखीं लग्जरी कारें

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 30 दिन की पैरोल मिल गई है। मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच वह जेल से बाहर निकला और सिरसा स्थित डेरे के लिए रवाना हुआ। यह पिछले पांच महीनों में उसकी दूसरी और कुल 16वीं पैरोल मानी जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, राम रहीम के काफिले में कई महंगी एसयूवी और लग्जरी गाड़ियां शामिल थीं। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे रूट पर विशेष निगरानी रखी। सिरसा डेरे के आसपास भी पुलिस बल बढ़ाया गया है। पैरोल अवधि के दौरान उसके सार्वजनिक कार्यक्रमों और राजनीतिक गतिविधियों पर निगरानी रहेगी। हरियाणा के गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत कैदियों को सीमित अवधि की पैरोल और फरलो का प्रावधान है। इसी कानून के तहत राम रहीम को इस वर्ष दूसरी बार राहत मिली है। इससे पहले जनवरी 2026 में उसे 40 दिन की पैरोल दी गई थी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद से राम रहीम अब तक 400 से अधिक दिन पैरोल और फरलो पर जेल से बाहर बिता चुका है।

राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने लगातार मिल रही पैरोल पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष का आरोप है कि चुनावी और सामाजिक समीकरणों को देखते हुए सरकारें नरमी बरत रही हैं, जबकि समर्थक इसे कानूनी अधिकार बताते हैं। फिलहाल, सिरसा डेरे में सुरक्षा और गतिविधियों पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।